>

Title: Need to repair damaged telephone cables in Sheohar district.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर की लगभग सभी ग्रामीण टेलीफोन व्यवस्था चरमरा गयी है क्योंकि सड़क निर्माण एवं बाढ़ के समय से टेलीफोन केबल खराब हो गये हैं जिसके कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की टेलीफोन सुविधा शिवहर जिले के लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं एवं टेलीफोन की सुविधा से कई वÂाॉ से वंचित हैं। इस कारण लोग बी.एस.एन.एल. के टेलीफोन के लैंडलाइन टेलीफोन को सरेन्डर कर प्राइवेट मोबाइल कनैक्शन ले रहे हैं। इससे बी.एस.एन.एल के राजस्व पर उल्टा प्रभाव पड़ रहा है लेकिन बी.एस.एन.एल के अधिकारीगण इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन, पताही, फैन्हारा, चिरैया एवं घोडासाहन क्षेत्रों में, शिवहर जिले में सीतामढ़ी जिले के सुप्पी, रीगा, बैरगनिया, बेलसंड क्षेत्रों में जो केबल ध्वस्त हो गये हैं उनको अभी तक सुधार नहीं किया गया है। इस संबंध में जब अधिकारी गणों के संज्ञान में यह बातें लायी जाती हैं तो निविदा का हवाला देते हुए इसे ठीक करने का आश्वासन देते हैं। यह आश्वासन देते हुए आज एक वÂाऩ हो गया है और टेलीफोन उपभोक्ता को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में केबिल कटे गांव के नाम समेत जानकारी लगभग एक साल पूर्व जुलाई 2011 को दी गयी एवं इस संबंध में संबंधित महाप्रबंधक के साथ बैठक की। सदन को बताते हुए मुझे खेद हो रहा है कि आज तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। एक तरफ माननीय प्रधान मंत्री जी भारत सरकार के विभागों को निर्देश दे रहे हैं कि सांसदों के पत्रों का ज्ञापन 15 दिन में एवं अंतिम जवाब तीन माह के अंदर दे परन्तु, यहां पर एस साल से कार्यवाही ही नहीं होती, तब जवाब देने का तो प्रश्न ही नहीं उठता।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त ध्वस्त केबल को शीघ्र स्थापित किया जाए एवं लापरवाही के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।